आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :471 पृष्ठ -4 दिनांक 06 मई 2025 दिन मंगलवार

## गाय के गोबर से बने पेंट से रंगे जाएंगे यूपी के सरकारी दफ्तर, सीएम योगी का आदेश

## यूपी में अब सरकारी ऑफिस की इमारतें अब साधारण पेंट से नहीं रंगी जाएंगी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को आदेश दिया है कि गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए तथा इन पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाई जाए. मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें 'मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना' के अंतर्गत गाय उपलब्ध कराई जाए. यूपी में अब सरकारी ऑफिस की इमारतें अब साधारण पेंट से नहीं रंगी जाएंगी. इसके लिए अब गाय के गोबर से बने पेंट का इस्तेमाल होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पशुपालन और दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सरकारी भवनों में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का प्रयोग किया जाए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है. इन केंद्रों में मौजूद गोबर का बेहतर उपयोग करते हुए प्राकृतिक पेंट निर्माण को बढ़ावा दिया जाए. साथ ही, इन केंद्रों में जैविक खाद और अन्य गो–आधारित उत्पादों के निर्माण के लिए भी ठोस रणनीति बनाई जाए उन्होंने ऐसे पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाने



के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं. गोबर से तैयार किया गया प्राकृतिक पेंट पूरी तरह से जैविक होता है. यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि दीवारों को एक सुंदर देसी लुक भी देता है इसमें रसायनों का प्रयोग नहीं होता, जिससे स्वास्थ्य पर भी कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता. इसे बनाने में भी ऊर्जा की खपत कम होती है और लागत भी पारंपरिक पेंट से कम होती है. प्रदेश के 7693 गो आश्रय स्थलों में इस समय 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं. इनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है और मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वहां केयरटेकर की समय से तैनाती, वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना, हरे चारे की उपलब्धता और पशु चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सीएम योगी ने खास तौर पर यह भी कहा कि जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत गायें उपलब्ध कराई जाएं. इससे न सिर्फ उनके पोषण स्तर में सुधार होगा, बल्कि रोजगार और आय का भी साधन मिलेगा.बढ़ेगा ग्रामीण रोजगार, महिलाएं बनेंगी सशक्तमुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को सराहते हुए कहा कि गोबर से खाद, पेंट और अन्य उत्पादों का निर्माण ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा. इस दिशा में बरेली जिले में इफ्को आवंला के सहयोग से गोबर और गोमूत्र से जैविक उत्पादों के प्रसंस्करण संयंत्र लगाए जा रहे हैं.दूध उत्पादन और वित्तीय प्रगति सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024–25 में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 3.97 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रति दिन) दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10: अधिक है, इस क्षेत्र में 1120.44 करोड़ का टर्नओवर हासिल हुआ है, जो 16: की वृद्धि को दर्शाता है. मुख्यमंत्री ने प्राथमिक सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाने और दुग्ध उत्पादकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं. वर्ष 2025–26 तक सरकार का लक्ष्य है कि 4922 नई सहकारी दुग्ध समितियां गठित की जाएं और 21922 समितियों को प्रशिक्षण दिया जाए. इसके साथ ही मंडल स्तर पर देसी नस्ल की गायों की प्रतियोगिताएं कराकर बेहतरीन गौ–आश्रयों और उत्पादकों को सम्मानित किया जाएग

## महंगी किताबें खरीदवाना पड़ा भारी, यूपी के इन 33 स्कूलों पर लगा 1–1 लाख रुपये का जुर्माना

उत्तर प्रदेश स्थित संभल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) और इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (ष्ब्) बोर्ड से संबद्ध 33 स्कूलों पर 1–1 लाख रुपये जुर्माना लगा है. इन स्कूलों पर आरोप था कि इन्होंने बच्चों से महंगी किताबें खरीदवाई. जबकि नियम था कि बच्चों की पढ़ाई राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) की किताबों के जरिए हो. संभल में जिला मजिस्ट्रेट के दफ्तर से जारी आदेश में कहा गया है – जनपद संभल के समस्त सीबीएसई तथा आइसीएसई विद्यालयों में संचालित पाठ्यपुस्तकों की जांच कराने हेतु अधिकारी नियुक्त किए गए थे. जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या पर जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा गहनता से परीक्षण किया गया. डीएम के आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों की जांच में पाया गया है कि विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशों की पाठ्य पुस्तकें संचालित कराई जा रही हैं और स्टूडेंट्स को चिह्नित बुक सेलर से पाठ्य पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है. आदेश में कहा गया है कि डीएम राजेंद्र पैंसिया, द्वारा स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के अध्याय दो की धारा 8 की उपधारा 10 (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए 1–1 लाख रुपये का अर्थ दंड अधिरोपित करता हूं तथा आदेश देता हूं कि अधिरोपित धनराशि को विद्यालयों द्वारा डीएफआरसी संभल के खाता संख्या में एक सप्ताह के भीतर जमा कराएं. डीएम ने अपने आदेश में कहा है कि नियामक समिति की आगामी बैठक में दोबारा से जांच अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करेंगे. अगर दोबारा एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की पाठ्य पुस्तकें संचालति पाए जाने पर या एक खास दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने पर पुनः विधिक कार्यवाही होगी.डीएम द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी स्कूल, जुर्माने की रसीद जिला विद्यालय निरीक्षक के पास जमा कराएंगे.

## यूपी के सरकारी भवनों पर गोबर वाले पेंट लगाने के फैसले पर अखिलेश ने कसा तंज

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सरकारी भवनों पर गोबर से बने पेंट के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दिया है. जिस पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है. सपा अध्यक्ष ने कहा सीएम योगी पर निशाना साधते हुए उनके इस बयान को श्गोबरनामाश करार दिया और कहा कि ये बीजेपी सरकार का नया कारनामा है. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर खासे एक्टिव रहते हैं और सीएम योगी की नीीतियों पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ते. सीएम योगी ने जब सरकारी भवनों पर गोबर से बने पेंट को बढ़ावा देने की बात की तो अखिलेश यादव ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और उनकी सलाह को श्गोबरनामाश कह डाला. सपा अध्यक्ष ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी के निर्देशों पर तंज कसते हुए लिखा– श्गोबरनामा रू भाजपा सरकार का नया कारनामाश सरकारी भवनों पर गोबर से निर्मित पेंटदरअसल रविवार को सीएम योगी ने लखनऊ मेंअपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की



थी. जिसमें पशुपालन विभाग और दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई. इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए और गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी करने तथा पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया.मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था कामजबूत आधार है. यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक सम्भावनाएं हैं. इसके साथ ही उन्होंने गो आश्रय स्थलों में केयर टेकरों की तैनाती से लेकर उनके मानदेय का समय से भुगतान, भूसा बैंक बनाने, पानी, हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया. सीएम योगी लगातार गोवंश की सुरक्षा और स्थिति बेहतर करने पर काम कर रहे हैं.

## भारत–नेपाल सीमा से सटे मदरसे में मिला ऐसा सामान, डीएम–एसपी के हाथ पांव फूले

श्रावस्ती में भारत नेपाल सीमा से महज चंद कदमों की दूरी पर भरथा रोशनगढ़ में हकीम गांव का एक मदरसा है. जहां पर सीलिंग की कार्यवाही के दौरान मदरसे से कई ऐसी संदिग्ध वस्तुयें पाई गई, जिससे हड़कंप मच गया. खुद मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी की संदिग्ध वस्तुओ को देखकर होश उड़ गए. आखिर भारत नेपाल सीमा से जुड़े इस मदरसे में किस साजिश को अंजाम देने का काम चल रहा था. आखिर यहां पर बच्चों को कौन सी ऐसी तालीम दी जा रही थी, यह अपने आप में एक बड़ा सवाल पैदा कर रहा है.उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद के भारत नेपाल सीमा से महेज चंद कदम की दूरी पर संचालित गैर मान्यता प्राप्त मदरसा से जुड़ा हुआ है, जो कहीं ना कहीं संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देता है. जब जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को इस बात का पता चला तो एसपी घनश्याम चौरसिया और एक बड़ी पुलिस फोर्स के साथ गैर मान्यता प्राप्त मदरसे में छापेमारी की. मदरसे का जैसे ही दरवाजा खुला, तो



क्ड अजय कुमार द्विवेदी और ैच घनश्याम चौरसिया के होश उड़ गए, क्योंकि मदरसे के कमरों में बहुत सारे संदिग्ध वस्तुये मौजूद थी, जो कंही ना कंही कोई बड़ी साजिश को अंजाम देने की तरफ इशारा कर रही थी.यहां पर कई इलेक्ट्रॉनिक वस्तुवे,कई मोबाइल बड़ी संख्या में सिम, प्राजेक्टर और महिलाओं को यूज करने वाली सेनेटरी पैड बड़ी संख्या में मिली. आखिर यहां पर किस गतिविधियों को अंजाम दिया जाता था या किस तरीके की तालिम दी जा रही थी.यँहा पर बच्चों को मौलाना बनाया जा रहा था या कुछ और ये अपने आप मे एक बड़ा सवाल है.जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी बताते हैं कि मामले की जांच की जा रही है. इस मदरसे को लेकर सूचना मिली थी कि यहां पर कुछ संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है. जिस पर जांच के दौरान लैपटॉप बड़ी संख्या में मोबाइल सिम और कई इलेक्ट्रॉनिक संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं. जिन्हें सील करके आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## मसूरी में मूसलाधार बारिश से केम्पटी फॉल ने दिखाया रौद्र रूप, अलर्ट जारी

मसूरी और उसके आसपास रविवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया. प्रसिद्ध पर्यटक स्थल केम्पटी फॉल का जलस्तर अचानक बढ़ गया और झरने ने रौद्र रूप धारण कर लिया, जिससे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई. पानी के तेज बहाव के साथ भारी मात्रा में मलबा भी बहकर आया, जिससे झरने का पानी मटमैला हो गया और आसपास की दुकानों में पानी घुस गया. दुकानों में रखा सामान बर्बाद हो गया, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है पर्यटक बाल–बाल बचेघटना के समय केम्पटी फॉल क्षेत्र में सैकड़ों पर्यटक मौजूद थे, जो झरने के विकराल रूप को देख सहम गए. स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा और फॉल में आवाजाही पर रोक लगा दी. पुलिस इंचार्ज ने बताया कि समय रहते ऐहतियाती कदम उठाने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. झरने का जलस्तर लगभग दो घंटे में सामान्य हो गया और व्यवस्था को बहाल कर दिया गया.अचानक बढ़ा पानीस्थानीय प्रशासन का कहना है कि झरने के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि का एक कारण क्षेत्र में अवैध रूप से डाला गया मलबा भी है, जो बारिश के साथ बहकर झरने और मुख्य सड़क में आ गया. पुलिस ने मलबा डालने वालों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही है.वहीं उधर देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश ने तबाही मचाई. हरिद्वार में एक पेड़ टूटकर गाड़ियों पर गिर गया, हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर मलबा आने से घंटों लंबा जाम लगा, जिसे प्रशासन ने काफी मशक्कत के बाद खुलवाया. देहरादून के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी रही. यही नहीं ,हमेशा सूखी रहने वाली सोंग नदी में भी पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि बाढ़ जैसे हालात बन गए.

## शादियों में रात भर उठाई लाइट, दिन बिताया किताबों में, 77 साल में पहली बार यूपी के इस गांव में कोई पास हुआ

बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट स्थित एक गांव में आजादी के बाद 77 साल के इतिहास में पहली बार किसी छात्र ने हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है. जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए छात्र को सम्मानित किया है.जिला विद्यालय निरीक्षक ओ. पी. त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के बनीकोंडर विकासखंड स्थित निजामपुर गांव में 15 वर्षीय छात्र रामकेवल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल की परीक्षा में 55 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की है.त्रिपाठी ने बताया कि यह कामयाबी इसलिए खास है क्योंकि वर्ष 1947 में आजादी के बाद से इस गांव में कोई भी छात्र हाईस्कूल की परीक्षा पास नहीं कर पाया था.उन्होंने बताया कि रामकेवल ने हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहद पिछड़े करीब 300 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग सभी लोग दलित वर्ग के हैं.अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गत तीन मई को रामकेवल और उसके माता–पिता को जिला मुख्यालय पर बुलाकर सम्मानित किया था.रामकेवल ने पीटीआई–भाषा से बातचीत में कहा कि उसे बचपन से ही पढ़ने–लिखने का शौक था लेकिन गरीबी के कारण उसे मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा.उसने कहा कि वह मेहनत मजदूरी करके मिले पैसों से अपनी कॉपी–किताब खरीदता और स्कूल की फीस जमा करता था.उसने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा है लिहाजा परिवार के खर्च का बोझ भी उसे उठाना पड़ता है. वह शादियों के समय रात में बारात में लाइट उठाने का काम करता है और जब जब शादियों का सीजन नहीं होता तो वह अपने पिता के साथ जाकर मजदूरी करता है.रामकेवल ने कहा कि दिनभर के काम के बाद रात में वह अपने छप्पर के नीचे सोलर लाइट की रोशनी में पढ़ाई करता है और उसकी ख्वाहिश इंजीनियर बनने की है.छात्र ने बताया कि उसे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्मानित किया और उसकी आगे की पढ़ाई की फीस माफ करने की घोषणा भी की.रामकेवल के पिता जगदीश मजदूरी करते हैं जबकि मां पुष्पा एक प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाने का काम करती हैं.गांव के लोग रामकेवल की इस सफलता से बेहद खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वक्त में गांव के और भी बच्चे उसी के नक्शेकदम पर चलते हुए आगे बढ़ेंगे.

# जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 200 से ज्यादा बच्चे पहुंच रहे, सावधानी बरतने की सलाह दी

हाथरस में पिछले तीन दिनों से मौसम में आए बदलाव का असर बच्चों की सेहत पर दिख रहा है। तापमान में गिरावट और बारिश के कारण बच्चे मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 200 से अधिक बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर पहुंच रहे हैं। बच्चों में खांसी, जुकाम, बुखार और बदन दर्द की शिकायतें सामने आ रही हैं। नवजात शिशुओं में निमोनिया और डायरिया के मामले भी देखे जा रहे हैं।बीमार पड़ने पर योग्य चिकित्सक को ही दिखाएं..जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार के अनुसार मौसम में अचानक आए बदलाव का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है। चिकित्सक मरीजों को दवाइयों




के साथ–साथ एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। डॉक्टरों ने अभिभावकों को बच्चों को ठंडी चीजों से दूर रखने और बीमारी की स्थिति में तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी है।

## हाथरस में हुआ हादसा, स्थानीय लोगों ने चालक की कर दी पिटाई

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर मिट्टी ढो रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दादा–नाती घायल हो गए हैं। जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने डंपर चालक की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और वाहन को जब्त कर लिया। तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ।घटना हाथरस के गांव पिछौती के निवासी नीरज कुमार अपने 3 वर्षीय नाती के साथ बाइक से सलेमपुर स्थित पेट्रोल पंप जा रहे थे। निर्माणाधीन हाईवे पर मिट्टी ढो रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दादा–पोता दोनों डंपर के नीचे आ गए। बाइक भी डंपर के नीचे फंस गई। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को डंपर के नीचे से निकाला गया। घटना की



जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई।पुलिस ने समझा बुझाकर मामला कराया शांत गुस्साए लोगों ने डंपर चालक की पिटाई शुरू कर दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घायल नीरज और उनके नाती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज कराया गया। पुलिस ने लोगों को समझा–बुझाकर मामला शांत कराया।

## हाथरस के हसायन क्षेत्र के गांव बकायन में स्थित प्राचीन तालाब में मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई

हाथरस के हसायन क्षेत्र के गांव बकायन में स्थित प्राचीन तालाब में मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कई दिनों से तालाब में मगरमच्छ दिखने के बाद से ग्रामीण वहां से गुजरने से कतराने लगे थे। ग्रामीणों को यह डर सताने लगा था कि मगरमच्छ किसी पर हमला न कर दे।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर आज शाम वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन दारोगा के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया।ग्रामीणों ने ली राहत की सांस..वन विभाग के कर्मचारियों ने मगरमच्छ को टेम्पो में रखकर एटा जनपद की पिलुआ नहर में छोड़ने के लिए ले जाया। मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन में वन विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## हाथरस में सांसद अनूप प्रधान का जनता दरबार लोगों की समस्याएं सुनी , फोन पर अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

हाथरस के अलीगढ़ रोड स्थित दयानतपुर में सांसद जनसंवाद कार्यालय में सोमवार को एक विशेष जनता दरबार का आयोजन हुआ। सांसद अनूप प्रधान ने इस दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।लोगों ने सांसद के समक्ष सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों तरह की समस्याएं रखीं। सांसद ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं। उन्होंने तत्काल फोन पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए। सांसद ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री और शासन के आदेशों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आदेश दिया।उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस कार्यालय का उद्घाटन किया था। तब से सांसद नियमित रूप से यहां बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। आज भी कार्यालय में लोगों का तांता लगा रहा।

## हाथरस में सोमवार को दोपहर में मौसम ने करवट ली

हाथरस में सोमवार को दोपहर में मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छाए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले तीन दिन से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है।शुक्रवार और शनिवार को भी बारिश हुई थी। सोमवार की सुबह तेज हवाओं के साथ धूप निकली थी। दोपहर में अचानक बादल छा गए। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया।बारिश के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट आ गया। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही।शहर में स्थान स्थान पर कीचड़ व्याप्त जलभराव और बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। शहर में स्थान स्थान पर कीचड़ भी व्याप्त हो गई। लोग बारिश से अपना बचाव करते हुए दिखाई दिए।

## हाथरस जिला कांग्रेस में पदाधिकारी नियुक्त डॉ. मुकेश चंद्रा जिला प्रवक्ता और संजीव आंधीवाल कोषाध्यक्ष नियुक्त

हाथरस में कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए नई नियुक्तियां की हैं। मोती बाजार स्थित कांग्रेस के संयुक्त कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने डॉ. मुकेश चंद्रा को जिला प्रवक्ता और संजीव आंधीवाल को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने कहा कि पार्टी बूथ से लेकर जिला स्तर तक निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जोड़ेगी। उन्होंने कांग्रेस को एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी बताते हुए कहा कि इसमें सभी धर्म और जाति के लोगों का सम्मान होता है। शहर अध्यक्ष योगेश कुमार ने नए पदाधिकारियों की तारीफ की।उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने हमेशा पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया है। नवनियुक्त जिला प्रवक्ता डॉ. मुकेश चंद्रा ने कहा कि वे पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूत करने का प्रयास करेंगे।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद बैठक में पूर्व पीसीसी अशोक कुमार गुप्ता, अवधेश बख्शी, अजीत गोस्वामी, जेपी पांडे, शशांक पचोरी, पंडित ऋषि कुमार कौशिक, ठाकुर कपिल सिंह, सत्य प्रकाश राजा रंगीला समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी ने नई नियुक्तियों का स्वागत किया।

## महिलाएं समाज की रीढ़ है, उन्हें मजबूत बनाने से ही समाज मजबूत होगा

**हाथरस संवावदाता मनोज शर्मा**

महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षासशक्तिकरण संवाद परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन जागृति" फेज–04 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूलध्कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओंध्बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया गया । इस दौरान उपस्थित छात्राओंध्बालिकाओं एवं स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति फेज–04 अभियान के मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया ।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा

**हाथरस संवावदाता मनोज शर्मा**

जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित करायी जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– स्नातक( छम्म्ज न्ळ 2025) की लिखित परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत सरस्वती इण्टर कॉलेज परीक्षा केन्द्र का भ्रमणधनिरीक्षण किया गया । इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चौक किया गया तथा सतर्कता के साथ ड्यूटी करते हुये परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया । भ्रमणधनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों से वार्ता कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । इसके उपरांत ड्यूटी में लगे अधिकारीध्कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए बताया गया कि परीक्षा के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाये तथा परीक्षा केन्द्र के आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को ना आने दिया जाये, प्रवेश द्वारा पर चेकिंगध्तलाशी (थ्तपोप्दह) हेतु लगे कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कोई भी परीक्षार्थी बैग, कागज के टुकडे, पाठ्य सामग्री, ज्यामितीय बॉक्स, कॉपी, काला चश्मा, हैण्डबैग, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान, पैन ड्राइव, इलैक्ट्रोनिक पैन, ईयर फोन,ब्लूटूथडिवाइस, माइक्रोफोन, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, अन्य किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक गैजेट्स जिनसे मैसेज आदान प्रदान किया जा सके आदि प्रतिबन्धित सामग्री परीक्षा केन्द्र के अन्दर ना ले जायें । भ्रमणधनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चौक किया गया तथा सम्बन्धित को सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से भी सतर्क दृष्टि रखते हुये परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही ड्यूटी में लगे अधिकारीध्कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्र के आसपास अनावश्यक लोग इकट्ठा न होने दे तथा संदिग्ध लगे तो जाँच अवश्य की जाये तथा परीक्षा को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

## मथुरा–बरेली राजमार्ग पर पड़ी मिट्टी बनी घातक, अब तक तीन की हुई मौत, आठ हो चुके हैं घायल

हाथरस। कैलोरा के निकट दरियापुर आ.वरब्रिज से विद्युत तार न हटने की वजह इस मार्ग पर आवागमन चालू नहीं किया गया है। इस मार्ग पर मिट्टी काफी मात्रा में पड़ी है। इस कारण लगातार बाइक फिसलने से लोगों की जान जा रही है।हाथरस तीन लोगों की मौत हो चुकी है और आठ लोग घायल हो चुके हैं। इस राजमार्ग का निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में कैलोरा से राया तक निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन कैलोरा के निकट दरियापुर ओवरब्रिज से विद्युत तार न हटने की वजह इस मार्ग पर आवागमन चालू नहीं किया गया है। इस मार्ग पर मिट्टी काफी मात्रा में पड़ी है। इस कारण लगातार बाइक फिसलने से लोगों की जान जा रही है। दूसरी वजह यह भी है कि कैलोरा के निकट ओवरब्रिज को अस्थायी रूप से मिट्टी और पत्थर डालकर बंद किया गया है, लेकिन बाइक सवार इस मार्ग के अस्थायी रूप से बंद होने के बावजूद आ.वरब्रिज पर चढ़ जाते हैं, जिससे हादसा हो जाता है। प्रशासन अभी तक आंखें मूंदकर बैठा है।हाइटेंशन लाइन हटे तो रा.जमार्ग पर दौड़ें वाहनहाथरस। मथुरा से बरेली तक बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग



पर राया से हाथरस के कैलोरा तक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके करीब चार माह बाद भी गांव दरियापुर के ओव.रब्रिज से हाईटेंशन लाइन को हटाए जाने का काम अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। इस कारण इस ओवरब्रिज पर आवागमन रुका हुआ है। यहां से आने वाले वाहन मेंडू कट से पुराने मार्ग पर होकर कैलोरा तक पहुंच रहे हैं।20 अप्रैल को बस्तोई निवासी प्रमोद कुमार (35) अपने दोस्त दिनेश कुमार के साथ बाइक से वृंदावन जा रहे थे। प्रमोद वृंदावन में नौ.करी करते थे। वह जैसे ही गांव कैलोरा के निकट पहुंचे तो निर्माणाधीन मथुरा–बरेली राजमार्ग पर पड़ी मिट्टी पर बाइक फिसल गई। दोनों सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में प्रमोद की जान चली गई।18 अप्रैल को सासनी कस्बे के मो.हल्ला बारहसैनी निवासी 26 वर्षीय शिवम अपने दो दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। निर्माणाधीन हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में शिवम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसके दोस्त सोनू और विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## सादाबाद में वक्फ सुधार जागरण अभियान का शुभारंभ

सादाबाद में वक्फ सुधार जागरण अभियान का शुभारंभ प्रदेश के होमगार्डस एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीनों का लाभ अब तक धनवान लोगों को मिल रहा था। इन जमीनों पर होटल और दुकानें बनाकर कुछ लोग अपना फायदा उठा रहे थे।राज्य मंत्री ने बताया कि वक्फ की जमीनें मूल रूप से गरीब, आश्रित और असहाय लोगों की मदद के लिए थीं। पूरे देश में वक्फ के पास लगभग 40 लाख बीघा जमीन है। अब सरकार ने इन जमीनों के उपयोग में संशोधन किया है। इन जमीनों पर स्कूल, अस्पताल और अन्य जन सुविधाएं विकसित की जाएंगी।नए नियमों के अनुसार, वक्फ की जमीनों से होने वाली आय का लाभ सभी वर्गों के गरीबों को मिलेगा। इसमें मुस्लिम, हिंदू और अनुसूचित जाति के लोग शामिल हैं। इस आय का उपयोग गरीब बेटियों की शादी, बीमार लोगों के इलाज और बच्चों की शिक्षा के लिए किया जाएगा।कार्यक्रम सादाबाद के आसार परिसर में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश के राज्य मंत्री प्रतीक चांदेकर का माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, सादाबाद मंडल अध्यक्ष अंकुर शर्मा, भाजपा नेत्री प्रीति चौधरी सहित कई पार्टी नेता उपस्थित थे।

# फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिए शासन से नहीं हैं कोई निर्देश

## फ्रंट ऑफिस से अधिवक्तागणों एवं दस्तावेज लेखकों के कार्य पर नहीं पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव



अलीगढ़ रू निबंधन कार्यालय में प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस की स्थापना को लेकर सा. `मवार को तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह तेवतिया, महासचिव महेन्द्र प्रताप सिंह धाकरे, मण्डलीय बार एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पचौरी, एडवोकेट एवं सेक्रेटरी प्रान्त गौरव शर्मा ने उप महानिरीक्षक निबंधन के साथ मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह से महत्वपूर्ण वार्ता की। मण्डलायुक्त ने बताया कि फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिए शासन से अभी तक कोई निर्देश भी निर्गत नहीं किए गए हैंफ्रंट ऑफिस की स्थापना से आम जनता को बेहतर सुविधाएँ जैसे– बैठने की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, सटीक मार्गदर्शन एवं सूचनाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उप निबंधक कार्यालय का निजीकरण नहीं किया जा रहा है और अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लिखकों के कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक पूर्व की भांति निर्बाध रूप से कार्य करते रहेंगे।उप महानिरीक्षक निबंधन शिव शंकर यादव ने बताया कि वार्ता के सकारात्मक परिणामस्वरूप तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन एवं मण्डलीय बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने पर सहमति जताई है।

# पकॉर्न मेकिंग मशीन के लिए 09 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ (जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 202526 में पॉपकार्न मेकिंग मशीनों का वितरण किया जाना है। बताया कि पॉपकार्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में परम्परागत एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगर अपने आवश्यक अभिलेख जैसेराशन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) ऑन लाइन पोर्टल upkvib-gov.पदकीऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिटस पंजीकरण एवं आवंटन के नाम से अपलोड पर पंजीकरण, 09 मई तक आवेदन कर सकते है। जिससे चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियोंके चयन की कार्यवाही कर वितरण किया जा सकें।उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उत्त्र प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड,म.नं. 5/69–एच–80–4, त्रिमूर्तिनगर, पुलिसगैसगोदाम के पास), बरौला बाईपास, दूरभाष नंबर 7408410755 एवं 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते है।

# डीपीओ के0के0 राय ने ब्लॉक जवां में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण




अलीगढ़ जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय द्वारा ब्लॉक जवां के अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का खंड परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह, सुपरवाइजर श्रीमती गायत्री एवं रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक जयप्रकाश के साथ औचक निरीक्षण किया गया।आंग. नबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर के निरीक्षण के दौरान केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री नबाड़ी कार्यकत्री मालती देवी एवं सहायिका लंकिनी से पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की स्थिति असंतोषजनक रही जबकि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली सामान्य जानकारी न्यून स्तर पर पाई गई। इस दौरान हॉट कुक्ड मील वितरण, भवन की संरचनात्मक स्थिति, स्वच्छता, शौचालय एवं पेयजल की



समुन देवी एवं सहायिका सावित्री देवी उप. स्थित पाई गईं। बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली जानकारी उपयुक्त स्तर पर पाई गई। केंद्र पर पोषण, शौचालय, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं भी क्रियाशील पाई गई. ।आंगनबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर संख्या 2 व 3 दोनों केंद्र एक साथ संचालित हैं, तथापि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने एवं केंद्र पर कुछ बड़े बच्चे भी उप. स्थित पाए जाने पर इस संबंध में आंग. व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।आंगनबाड़ी केंद्र हैबतपुर सिया के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश देवी एवं सहायिका मुन्नी उपस्थित पाई गईं। केंद्र पर समुचित साफ–सफाई व्यवस्था न होने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री की कार्यप्रणाली असंतोषजनक न पाए जाने एवं पूर्वान्ह 11:30 बजे भी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति होने पर डीपीओ के0के0 राय ने असंतोषजनक प्रगति वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में सीडीपीओ जवां से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए।

## मण्डलायुक्त 13 मई को मिनी बाईपास रिंग रोड व 14 मई को स्मार्ट सिटी के कार्यों की करेंगी समीक्षा

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी कार्यालय में 13 मई को सायं 3:00 बजे श्क्वार्सी चौराहे से एटा चुंगी चौराहे तकश्श सिविल लाइन क्षेत्र में जल निकासी के लिए नाला निर्माण कराए जाने, अलीगढ़ शहर में मिनी बाईपास रिंग रोड निर्माण का चार लेन चौड़ीकरण एवं महेशपुर फाटक से क्वार्सी चौराहा एटा चुंगी होते हुए आगरा रोड संबंधी समीक्षा बैठक में आहूत की गई है।संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मण्डलायुक्त द्वारा 14 मई को सांय 03 बजे से स्मार्ट सिटी के पूर्ण, अपूर्ण, अनारम्भ एवं प्रगतिशील विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कमिश्नरी कार्यालय में की जाएगी।

# अलीगढ़ में कमिश्नर दफ्तर के पास युवक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या, इलाके में मचा हड़कंप




उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में बदमाशों ने एक अज्ञात शख्स की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी. जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. हैरानी की बात ये है कि ये पूरी वारदात कमिश्नर दफ्तर के गेट के पास ही हुई. बदमाश बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक की शिनाख्त करने कोशिश की जा रही है लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है. पूरा मामला अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र के कमिश्नर गेट ऑफिस के पास का है. बताया जा रहा है कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने एक शख्स की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी. जिसके बाद वो उसकी लाश को कमिश्नर दफ्तर के गेट के पास ही छोड़कर फरार हो गए. सोमवार की सुबह जब लोग अपने–अपने काम से कमिश्नर गेट के पास से गुजरे तो वहां खून से लथपथ शख्स को देखा, जिसके बाद घटना स्थल पर भीड़ लग गई. स्थानीय लोगों ने लाश मिलने की सूचना तत्काल पुलिस को दी. सूचना मिलते ही इलाका थाना अध्यक्ष फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है लेकिन, अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है. जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद मॉर्चुरी में भेज दिया है. घटना को लेकर सिविल लाइन क्षेत्र अधिकारी तृतीय अभय कुमार पांडे ने बताया कि थाना क्वार्सी क्षेत्र अंतर्गत कमिश्नर गेट के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला. जिस संबंध में पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल करते हुए पाया गया कि उस व्यक्ति को चाकू मारे गए है. जिसके चलते उसकी मौत हुई है, हालांकि शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस द्वारा उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है. जिसके चलते पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया है. मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है. आरोपियों की भी तलाश की जा रही है.

## युवक की मौत पर उठे सवाल परिजन बोले– हार्ट अटैक से मौत, डॉक्टर्स ने फांसी की बात कही पोस्टमार्टम नहीं करवाया



एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध मामला सामने आया है। नगला रूढ़ निवासी 40 वर्षीय अवनीश पुत्र महिपाल को परिजन गंभीर अवस्था में एटा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मौत के कारण को लेकर विरोधाभासी बयान सामने आए हैं। चिकित्सकों का कहना है कि युवक ने फांसी लगाई थी। वहीं मृतक के भाई भानु प्रताप सिंह ने हार्ट अटैक को मौत का कारण बताया है।पुलिस कर रही मामले की जांचमामले में और भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए हैं। थाना प्रभारी रिजोर जेपी अशोक ने कहा कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। वे मामले की जांच कर रहे हैं और जानकारी मिलते ही

कार्रवाई की जाएगी।परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वे अधिक जानकारी देने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस मृत्यु के वास्तविक कारण की जांच में जुटी है।

# अलीगढ़ में नगर निगम के अधीन कार्यरत अर्बन कंपनी के सफाई कर्मी और सुपरवाइजरों ने सोमवार को हड़ताल

अलीगढ़ में नगर निगम के अधीन कार्यरत अर्बन कंपनी के सफाई कर्मी और सुपरवाइजरों ने सोमवार को हड़ताल कर दी। सभी कर्मचारी हैबिटेट सेंटर पहुंचे और प्रदर्शन किया।कर्मचारियों ने प्रोजेक्ट हेड को ज्ञापन सौंपा। सुपरवाइजर राहुल सिंघल के अनुसार, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कंपनी ने वेतन में वादा की गई बढ़ोतरी नहीं की है। अधिकारियों से कई बार वार्ता की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।कर्मचारियों की दूसरी प्रमुख मांग कार्य व्यवस्था को लेकर है। वर्तमान में यूसीसी सुपरवाइजर कूड़ा गाड़ियों की निगरानी करते हैं। सीएनटी सुपरवाइजर घरों से शुल्क एकत्र करते हैं। कंपनी अब दोनों कार्य एक ही सुपरवाइजर से कराना चाहती है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं।कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। फिलहाल एक दिवसीय हड़ताल के माध्यम से उन्होंने अपनी मांगों से प्रशासन को अवगत करा दिया है।

## एपीसी की अध्यक्षता में आगरा व अलीगढ़ की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी 09 मई को कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में

अलीगढ़ प्रदेश के मा0 कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 09 मई को प्रातः 10:30 बजे से कल्याण सिंह हे बीटेट सेन्टर में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी2025 संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी।संयुक्त कृषि निदेशक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के कृषि से जुड़े विभागों के जनपद व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियोंके साथ ही बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। गोष्ठी में कृषकों को वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की नवीनतम जानकारियां दी जायेंगी।

## श्री गणेश मंदिर अचल ताल पर राहगीरों को वितरण किया गया मीठा शर्बत

अलीगढ़।महानगर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गणेश मंदिर पर महंत विनय नाथ महाराज के सानिध्य में गंगा सप्तमी तिथि के मौके पर गर्मी से निजात दिलाने के लिए दोपहर में शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर महंत विनयनाथ महाराज ने बताया कि राजा सगर के 60,000 पुत्रों को मोक्ष के लिए भागीरथ ने कठोर तपस्या की थी जिससे मां गंगा धरती पर अवतरित हुई।. लेकिन गंगा के वेग को नियंत्रित करने के लिए भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर लिया था।वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा शिव की जटाओं में आई थीं इसीलिए इस दिन को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने आगे बताया कि वैसे भी गर्मी का प्रचंड प्रकोप चल रहा है।इस दौरान अपने घरों की छत पर दाना और पानी रखें जिससे पक्षियों को राहत मिल सके।इस दौरान गणेश मंदिर पर मीडिया प्रभारी ललित वार्ष्णेय,पार्षद हरीश सैनी,नन्नू मल वार्ष्णेय तेल वाले,गौरव गुप्ता,गुंजन वार्ष्णेय, अभिषेक गुप्ता,सोहन गुप्ता,जिगर वर्मा और अमरदीप गुप्ता आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।






# कासगंज में पशु चोर गिरोह का भंडाफोड़ 3 थानों की पुलिस और SOG ने 23 आरोपियों को दबोचा, पशु और नशीला पाउडर बरामद

संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

कासगंज जिले की सोरों, सहावर, अमांपुर थाना पुलिस ने एसओजी की टीम के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। तीन अंतर्जनपदीय पशु गैंग के 23 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पशु चोरों के कब्जे से पिकअप, ईको कार, 25 हजार की नकदी, सात पशुओं के अलावा चोरों के कब्जे से पशु काटने के उपकरण छुरी, कुल्हाड़ी, रस्सी, बांक व नशीलापाउडर 7. 400 किलो ग्राम बरामद हुआ है। दरअसल जिले में पशु चोरी की घटनाएं निरंतर सामने आ रही थीं। एसपी अंकिता शर्मा ने पशु चोरों पर शिकंजा कसने के लिए एसओजी टीम के साथ सोरों, सहावर, अमांपुर पुलिस को लगाया था। तीनों थानों की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में पशु चोरों के खिलाफ जाल बिछा दिया। एसओजी और सर्विलांस की टीम तीनों थानों की पुलिस को इनपुट देने में मदद करती रही। इसी बीच पुलिस तीन अंतर्जनपदीय गैंग के 23 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पशु चोरों के कब्जे से दो पिकअप (लोडर) गाड़ी, एक ईको वैन, पांच भैंस, दो बकरे, पशु काटने के उपकरण छुरी, कुल्हाड़ी, रस्सी, बांक व नशीला पाउडर 7.400 किलो ग्राम के अलावा पशुचोरों के पास से 25 हजार रुपए की नकदी भी बरामद हुई है। एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि शातिर पशु चोरों के खिलाफ



अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज में विभिन्न पशु चोरी के मामले दर्ज हैं। पशु चोर पशु पालकों पर जान से मारने की नीयत से हमला भी करते थे। बरामद हुए वाहनों की जांच कीजा रही है। ईको कार दिल्ली से चोरी किया जाना बताया जा रहा है। सभी चोरों को प्रेस वार्ता के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। ये चोर हुए गिरफ्तार बंटी निवासी अकबरपुर थाना सासनी, कलुआ, दिलशाद निवासी उमरायपुर थाना सिकंदराराऊ जिला हाथरस, आरिफ उर्फ मुल्ला, जुबैर निवासी भोवतपुर, रहीश उर्फ सिंघानिया निवासी चांदपुर थरौली थाना मलावन, पप्पू , फैसल निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर थाना जलेसर, पप्पू उर्फ भूरा निवासी मा. निकपुर थाना सहपऊ जनपद हाथरस, सलमान निवासी नदरई थाना कासगंज, आरिफ, नशीर, निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला मेवाती कस्बा व थाना अकराबाद अलीगढ़, अमित उर्फ ख्वाजा निवासी शहबाजपुर थाना निधौलीकलां एटा, मुशाहिद निवासी मोहल्ला राजीव नगर कस्बा व थाना अमांपुर, रहीश निवासी मोहल्लानूर वाला कस्बा व थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ , नौशाद उर्फ निवासी चमन नगरिया थाना अलीगंज एटा, अरमान निवासी वाजिदपुर थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद , सुहान उर्फ सुइया निवासी गोरखधाम कॉलोनी थाना छाता जनपद मथुरा, सारिफ निवासी मानिकपुर थाना सहपऊ जनपद हाथरस, बबलू निवासीबनूपुरा थाना अमांपुर, शकील निवासी नगला सुम्मेर थाना अमांपुर कासगंज,अरवान पुत्र सहजाद निवासी मो. हल्ला शेखान कस्बा व थाना निधौली कलां जनपद एटा ।

# कासगंज .दो भाइयों की जानी है बारात, गांव में दहशत के हालात

गंजडुंडवारा रू कोतवाली पटियाली के गांव देउरईया में खुशी का माहौल था, क्योंकि गांव के किसान यूनियन स्वराज पदाधिकारी कुलदीप बघेल के दो भाइयों के विवाह की तिथि नजदीक थी। रस्म अदायगी का दौर चल रहा था, लेकिन शुक्रवार रात्रि गांव के मूलचंद के घर में चोरों ने नकबजनी की घटना को क्या अंजाम दिया, मानों उसके बाद तो परिवार एवं ग्रामीणों की खुशियों पर ही ग्रहण लग गया। क्योंकि शक और चोरी के विरोध पर ग्रामीणों पर पुलिस की बर्बरता के बाद गांव में अब केवल दहशत का माहौल है।दे. उरईया गांव में किसान यूनियन स्वराज पदाधिकारी कुलदीप बघेल के परिवार में दो भाई अजय व दीपक बघेल के विवाह को लेकर प्रतिदिन रस्म अदायगी का दौर चल रहा था। लेकिन इसी बीच शुक्रवार रात्रि चोरों द्वारा गांव निवासी मूलचंद के घर में नकबजनी कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।घटना को लेकर आक्रोश था। शनिवार सुबह जानक. ारी पर शिकायत के बाद पुलिस छानबीन कर एक बार जा चुकी थी। जिसके बाद कुलदीप के भाई की तेल रस्म अदायगी चल रही थी। इसी दौरान चोरी के आक्रोश में पोस्ट को लेकर इंस्पेक्टर राधेश्याम एवं सीओ राजकुमार पांडे पुलिस टीम के साथ गांव फिर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों से बहसबाजी के बाद बौखलाए पुलिसकर्मियों



ने खूब तांडव मचाया।महिलाओं–पुरुषों पर लाठियां बरसाई गईं। घरों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने पथराव किया था, जिसके बाद हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। लेकिन ग्रामीणों के घाव व घटना के वायरल वीडियो बर्बरता, अमानवीयता की अलग ही कहानी बयां करते नजर आए। जिसके बाद गांव में खुशी का माहौल दहशत में बदलता नजर आ रहा है।दो भाइयों की जाएगी बारात कुलदीप बघेल के परिवार में दो भाई अजय बघेल व दीपक बघेल की शादी है। जिसमें अजय की बारात सोमवार को रामपुर व दीपक की बारात मंगलवार को सराय, अल. ीगंज जानी है। दीपक के मंडप की रस्म अदायगी भी सोमवार को है। गांव में 400 लोगों का खाना है। दहशत के बीच खाने की तैयारी तो चल रही है, लेकिन चेहरे पर खौफ है। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।कुलदीप बघेल एवं उसका भाई दीपक पुलिस द्वारा दर्ज मामले में नामजद भी हैं। गांव में पुलिस का पहरा है। पुलिस की गाड़ी का सायरन बजते ही दरवाजे बंद होते देखे जा रहे हैं। कुलदीप के परिजनों का कहना है, इस हालात में रिश्तेदार भी गांव आने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीण भी पुलिस की बर्बरता से सहमे हुए हैं। इस माहौल में भी शादी की तैयारियां तो जारी हैं, लेकिन मानो खुशियों में शामिल होने का मन तो है, पर हर कोई बारात में जाने से कन्नी काट रहा है।

# कासगंज में परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा बड़ी होली मंदिर से शुरू होकर बाराद्वारी होते हुए पूरा किया शहर का भ्रमण

कासगंज में भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश महिला राज्य आयोग की सदस्य रेनू गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, कासगंज चेयरमैन मीना माहेश्वरी और विभाग संघ चालक उमाशंकर शर्मा ने संयुक्त रूप से भगवान परशुराम की आरती उतारी और हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।शोभायात्रा बड़ी होली स्थित भगवान परशुराम मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बाराद्वारी तक पहुंची। फिर वापस बड़ी होली स्थित परशुराम मंदिर पर समाप्त हुई। मार्ग में लोगों ने जगह–जगह आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा में भगवान के स्वरूपों से सजी आकर्षक झाँकिया भी शामिल रहीं। जो लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र रही। वहीं शोभायत्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई हाई।इस दौरान कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इनमें चेयरमैन प्रतिनिधि



राजेंद्र बोहरे, ब्राह्मण समाज कासगंज के अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा, कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्विवेदी, गिरजा शंकर दुबे प्रमुख थे।

# एटा में सैनिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

एटा के अलीगंज कस्बे में समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। हत्सारी रोड स्थित जी डी इंटरनेशनल स्कूल में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विनोद यादव ने बैठक की अध्यक्षता की।बैठक का मुख्य एजेंडा पीडीए फॉर्मूले को जन–जन तक पहुंचाना था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए समा. जवादी पार्टी ने अपनी रणनीति तैयार की है। पार्टी कार्यकर्ता पीडीए फॉर्मूले को गांव–गांव तक पहुंचाने में जुटे हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले भी लिए गए।इस दौरान बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य, कृष्णपाल नेताजी, सुभाष पाल फौजी, भोले खान, रामप्रकाश फौजी और हरिकिशन राजपूत समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# कासगंज कूलर की आवाज में दब गई चोरों की आहट, चोर खंगाल गए मकान

गंजडुंडवारा पटियाली के गांव साहबगंज में एक मकान में परिजन सोते रहे। कूलर की आवाज में चोरों की आहट तक उन्हें नहीं लगी। चोरों ने मकान से 1.25 लाख रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। गृहस्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।गांव साहबगंज निवासी रोहित किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी सीता बच्चों के साथ सो रही थी। चोर छत के रास्ते आए और अलमारी व बक्से की चाबी उसके सिरहाने से निकाल ली। इसके बाद अलमारी व बक्से को खोलकर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए।कमरे में कूलर की आवाज के चलते चोरों द्वारा अलमारी व बक्से खोलने की आवाज का अहसास नहीं हुआ। सुबह जागने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके का मुआयना किया।गृहस्वामी रोहित ने बताया कि चोर 1.25 लाख रुपये की नकदी, 36 चांदी के सिक्के, 5 जंजीर, 6 अंगूठी, एक टीका, एक पेंडल, एक जोड़ी कुंडल आदि सामान चोरी कर ले गए हैं। मामले की तहरीर उन्होंने पुलिस को दी है।






# एटा में प्लांट बंद होने से परेशान, डीएम ने एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

एटा जिले में चकोरी किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीतल विकासखंड क्षेत्र के नगला धीमर, लोया बादशाहपुर और धारीकपुर गांव के किसानों ने जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह से मुलाकात की।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी। किसानों का कहना है कि उन्होंने एआरटीओ ऑफिस एटा की सेंथरी रेखा जैन की फर्म से चकोरी का बीज खरीदा था।किसानों ने बताया कि जब फसल तैयार होकर खुदाई के बाद फर्म पर बेचने पहुंचे, तो फर्म के मालिक ने प्लांट बंद होने का हवाला देते हुए फसल खरीदने से मना कर दिया। फर्म मालिक ने किसानों को 40 किलोमीटर दूर कासगंज के मोहनपुर अमापुर में स्थित चकोरी प्लांट पर जाने को कहा।उल्लेखनीय है कि चकोरी की खेती



को उत्तर प्रदेश की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना में शामिल किया गया है। जिले में चिकोरी से बनने वाले उत्पादों ने विशेष पहचान बनाई है। इस कारण किसान कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी राजकुमार सिंह मौर्य को तुरंत समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। चिकोरी की खेती को कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग के रूप में किसान करते हैं।चिकोरी प्लाट मालिक द्वारा फसल खरीदने से मना किया गया है। इसी की शिकायत डीएम एटा से करने आए हैं। जिलाधिकारी महोदय ने किसानों की समस्याओं को सुना है और निस्तारित करने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया है